कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0गां0न0वि0प्र0प0 2026 /156-158/2025–26 दिनांक18मार्च 2026

रा0गां0न0वि0 प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6 हेतु) एवं पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 हेतु) 2026

:: विज्ञप्ति ::

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा **दिनांक 15 मार्च, 2026 (रविवार)** को आयोजित **रा0गां0न0वि0 प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6 हेतु) एवं पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 हेतु)** की कक्षावार अनन्तिम उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के Departmental Exam टैब पर अपलोड कर दी गयी है।

यदि किसी परीक्षार्थी को किसी प्रश्न / प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे अपने प्रत्यावेदन / आपत्ति निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 28 मार्च 2026 तक परिषद् की ई–मेल आईडी deptexamubse@gmail.com पर पुष्ट प्रमाण / प्रमाणों सहित परिषद् को प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात एवं अन्य किसी माध्यम से तथा प्रमाण रहित प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। प्रत्यावेदन का प्रारूप उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

18/3/2026

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पृ0सं0 : उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0गां0न0वि0प्र0प0 2026 / 156-158/2025–26, दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि :– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक मा0शि0 / सभापति उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड देहरादून।
2. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को **6x6 सेमी0** के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार–पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण (ऐसे पृष्ठ पर जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण प्रदेश में हो) में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल भुगतान हेतु जिला सूचना अधिकारी से दरें प्रमाणित करवा कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

18/3/2026
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।